आईएमए कमाण्डेंट ले. जनरल जे.एस. नेगी ने मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पल्स पोलियो शिविर का किया गया समापन

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लाल चंद शर्मा द्वारा आयोजित शिविर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रीतम सिंह नें जीएमएस रोड़ स्थित कालिंदी एनक्लेव शोभा पैलेस में पल्स पोलियो अभियान शिविर के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के प्रकोप से बचाव के प्रयासों के लिए आशा कार्यकत्रियों तथा आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों को उपहार के साथ–साथ सेनिटाइजर, मॉस्क, फेसशिल्ड, गलब्स आदि भेंट कर सम्मानित किया गया।

### विधायक जोशी ने किया सड़क का शिलान्यास

**संवाददाता** देहरादून। शनिवार को देहरादून के वार्ड 02 विजयपुर के जोहड़ीगांव में शहीद पंकज गुरुंग द्वार से इन्दर सिंह थापा के घर तक सड़क निर्माण के कार्य का शिलान्यास मसूरी विधायक गणेश जोशी ने किया। यह कार्य मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की अवस्थापना निधि के रुपये 14.56 लाख की लागत से सम्पन्न कराया जाएगा। सड़क निर्माण के शिलान्यास अवसर पर विधायक जोशी ने कहा कि विकास कार्य मेरी प्राथमिकता पर हैं और विकास कार्यो को लेकर किसी प्रकार की कोताही न हो, यह सुनिश्चित किया जाता रहा है।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए शहीद बहादुर सिंह बोहरा

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के विलासपुर काड़ली निवासी अमर शहीद बहादुर सिंह बोहरा की 12वीं पुण्यतिथि पर मसूरी विधायक गणेश जोशी ने उनकी प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित की श्रद्वासुमन भेंट किये। विधायक जोशी ने कहा कि सैन्यधाम उत्तराखण्ड अपने वीरों के साहस को सदैव नमन करता रहेगा। उन्होंने बताया है कि शहीद बोहरा के नाम से कैंट क्षेत्र के प्रवेश पर विजय कालोनी के समीप शहीद द्वार का निर्माण किया गया है, यह द्वार उनकी वीरता को संयोये रखने एवं उनको नमन करने के उद्देश्य से बनया गया है।

### कृषि बिल को निरस्त करने की राष्ट्रपति से मांग

**संवाददाता** देहरादून। संसद से पारित कृषि विधेयक जो किसान विरोधी है को निरस्त किये जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया और इस मामले में शीघ्र ही कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है। दल के महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी ने राष्ट्रपति को भेजे गये ज्ञापन में कहा गया है कि संसद के दोनों सदनों में कृषि बिल जो भारत के किसान विरोधी है की निंदा करते हुये उसे तुरंत निरस्त करने की आवश्यकता है।

# तहसील व कचहरी में भ्रष्टाचार की हो जांच

**मांग**

■जिलाधिकारी के नाम यूकेडी ने दिया ज्ञापन

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून सदर तहसील व कचहरी देहरादून में व्यापक स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार की तत्काल प्रभाव से जांच किये जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया है। दल ने कहा है कि अवैध वसूली को तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाये और शीघ्र कार्यवाही न होने पर आंदोलन किया जायेगा।

उत्तराखंड क्रांति दल के महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी के नेतृत्व में दल के कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और वहां पर उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि देहरादून सदर तहसील में आमजन की लगातार



अव्यवस्थाओं और दाखिला–खारिज से संबंधित शिकायतें दल को प्राप्त हो रही है।

ज्ञापन में कहा गया है कि वही कचहरी परिसर देहरादून में स्टाम्प बिक्री में स्टाम्प की निर्धारित मूल्य से ज्यादा पैंसा जनता से लिया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जहां रुपया 10 का स्टाम्प पर 10 रुपये से 50 रुपया ज्यादा लिया जा रहा है, और उसी तरह से 100 रुपये के स्टाम्प पर भी ज्यादा पैंसा वसूला जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि वही जनपद देहरादून में जमीनों की रजिस्ट्री हो रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासन रजिस्ट्री शुल्क तो वसूल रहा है लेकिन जमीनों का दाखिला खारिज पर प्रतिबंध प्रशासन द्वारा लगाया गया है। जहाँ आमजन को परेसानी अपने भवन निर्माण में आ रही है। बैंक से किसी जन को अगर लोन लेना हो तो दाखिला खारिज होना जरूरी है। ज्ञापन में कहा गया कि बैंक लोन भी तभी दे पाता है।

ज्ञापन में कहा गया है कि लॉकडावन से जहाँ दाखिला खारिज पर प्रतिबंध है वही लॉकडाउन के दौरान जमीनों की दाखिला खारिज सदर तहसील देहरादून से किये गये और जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि कही न कही भ्रष्टाचार किया गया है और जिसकी जांच किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन में दल ने मांग की है कि देहरादून जनपद में दाखिला खारिज पर लगे प्रतिबंध को तुरन्त हटाया जाए तथा लॉकडाउन के दौरान जो दाखिला खारिज किस आधार व किस आदेश से किये गये, कही कोई लेन देन हुआ इसकी जांच अविलम्ब किया जाय।

दून में स्टाम्प शुल्क निर्धारित मूल्य से ज्यादा पैंसा वसूला जा रहा है और जिस पर जिला प्रशासन का कोई ध्यान नही है। ज्ञापन में अविलम्ब जिला प्रशासन स्टाम्प पर अवैध शुल्क वसूली पर कार्यवाही की जाये। शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो दल आंदोलन के लिये बाध्य होगा।

### पीएम मोदी 29 सितम्बर को एसटीपी का करेंगे लोकार्पण

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 सितम्बर को नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत राज्य में तैयार किये गये 08 सीवरेज शोधन संयत्र (एस.टी.पी) का लोकार्पण करेंगे। हरिद्वार में 04, ऋषिकेश में 02 एवं मुनी की रेती तथा बद्रीनाथ में एक–एक एसटीपी का लोकापर्ण किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में जो नये एसटीपी बने हैं, वे सभी अत्याधुनिक बने हैं। इनमें सॉलिड वेस्ट का इस्तेमाल कम्पोस्ट के रूप में किया जायेगा। जगजीतपुर में बने एसटीपी में जिस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, उसकी तारीफ स्वीडन के राजा कार्ल सोलहवां गुस्ताफ ने भी अपने उत्तराखंड भ्रमण के दौरान की थी।

प्रधानमंत्री द्वारा जिन परियोजनाओं का लोकार्पण किया जायेगा उनमें जगजीतपुर, हरिद्वार में 230.32 करोड़ रूपये की लागत के 68 एमएलडी एवं 19.64 करोड़ रूपये की लागत के 27 एमएलडी एसटीपी, सराय हरिद्वार में बने 12.99 करोड़ की लागत के 18 एमएलडी एसटीपी, मुनी की रेती टिहरी में 39.32 करोड़ रूपये की लागत के 05 एमएलडी के एसटीपी एवं बदरीनाथ में 18.23 करोड़ रूपये से बने एक एमएलडी का एसटीपी शामिल हैं।

# मंत्रालय की गाइडलाइन का पूर्ण पारदर्शिता के साथ हो अनुपालन

**बैठक**

■ लोगों को मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सेनिटाइजेशन के प्रति जागरूक किया जाय

देहरादून। **संवाददाता**

उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप जिला स्तर पर कोविड–19 के संक्रमण से बचाव को लेकर गठित जिला स्तरीय मॉनीटिरिंग कमेटी की बैठक सिविल जज सी0डि0 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नेहा कुशवाहा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। कोविड–19 के संक्रमण एवं बचाव के सम्बन्ध में कमेटी के सदस्यों से विचार विमर्श



कोविड–19 के संक्रमण से बचाव को लेकर गठित जिला स्तरीय मॉनीटिरिंग कमेटी की बैठक लेते सिविल जज।

करते हुए नेहा कुशवाहा ने उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के परिपेक्ष्य में जिला स्तर पर गठित समिति को अवगत कराया कि जनपद स्तर पर कन्टेंनमेंट जोन एवं कोविड केयर सेन्टरों में भारत सरकार के चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की गाइडलाइन का पूर्ण पारदर्शिता के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

उन्होंने बताया कि लोगों को कोविड–19 संक्रमण से बचाव के लिए मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सेनिटाइजेशन के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय तथा विशेष साफ–सफाई व्यवस्था चलाते हुए परिवारों के बुढ़े बुजुर्गों एवं बच्चों के साथ ही मुधमेह, हाई एवं लो ब्लड प्रेशर, टीबी, हदृय रोग से ग्रसित लोगों पर विशेष निगरानी की जाय। उन्होंने कहा कि कन्टेंनमेंट जोन में लोगों की विशेष निगरानी के साथ ही क्षेत्रान्तर्गत फल–सब्जी, खाद्य सामग्री, दवा, दूग्ध एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कोविड–19 संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अनावश्यक घरों से बाहर ना निकलें, लोगों से मिलने पर दूर से अभिवादन करें, हाथ ना मिलायें तथा ना ही गले मिलें, कोविड–19 सक्रंमण से बचाव हेतु मास्क के साथ शारीरिक दूरी महत्पूर्ण हथियार हैं।

### रक्षा मंत्री दून में बनने वाली दो टनल का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे

**संवाददाता** देहरादून। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 28 सितम्बर को आईएमए देहरादून में बनने वाली दो टनल का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। यह शिलान्यास आईएमए में मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की उपस्थिति में अपराह्न 3:30 बजे किया जायेगा। इस संबंध में आज मुख्यमंत्री आवास में आईएमए कमाण्डेंट ले. जनरल जे.एस. नेगी ने मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से भेंट की। मुख्यमंत्री कहा आईएमए में दो सुरंगों के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार से 45 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि आईएमए में दो टनल (अन्डरपास) बनेंगे। एक आर–पार जाने के लिए और एक आने के लिए। परेड के दौरान आईएमए में सुरक्षा की दृष्टि से राज्य सरकार एवं सेना को भी चिंता रहती थी। इसलिए रक्षा मंत्री जी से दो सुरंगों के लिए अनुरोध किया गया था, जिस पर उन्होंने शीघ्र ही अपनी सहमति दी।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।